हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

11 ग्रामीणों ने जैलाफ-चिंडालिया रास्ता पक्का...



12 सर्दी बढ़ते ही चोरी की वारदात में इजाफा...


मेडिकल सुपरिंटेंडेंट बोले-किसी के कहने पर किया है छात्रों ने प्रदर्शन, बुधवार को बुलाकर पूछी जाएंगी उनकी समस्याएं

# शिक्षकों और सुविधाओं की कमी के विरोध में भड़के मेडिकल छात्रों ने किया प्रदर्शन

**मेडिकल कोरियावास को इस नए सत्र से मिली हैं एमबीबीएस की 100 सीटें टीचर्स एवं अन्य सुविधाएं नहीं मिलने से छात्रों को हो रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। मेडिकल कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन करते छात्र। फोटो: हरिभूमि

गांव कोरियावास में बने महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सुविधाओं के अभाव में हंगामा कर दिया। हंगामे के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों ने नारेबाजी की और सरकार से मूलभूत सुविधाएं देने की मांग की। नारेबाजी करने के बाद विद्यार्थी वापस कॉलेज चले गए। हालांकि इस बारे में बाद में कोई भी छात्र बोलने को तैयार नहीं हुआ।

उल्लेखनीय है कि इसी सत्र से पहली बार गांव कोरियावास के मेडिकल कॉलेज एमबीबीएस के दाखिलों की शुरुआत हुई है। पहली बार यहां पर 100 सीटों पर एमबीबीएस का दाखिला किया गया है। मगर यहां पर मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसरों व अन्य स्टाफ का भारी अभाव बना हुआ है, जिस कारण यहां पढ़ाई के लिए आए स्टूडेंट्स को काफी परेशानी हो रही है। इसी परेशानी को लेकर दोपहर बाद कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने कॉलेज के गेट नंबर चार के बाहर एकत्र होकर हंगामा किया और नारेबाजी की।

नारेबाजी कर रहे स्टूडेंट्स का कहना था कि उन्होंने यहां कॉलेज में इस बार दाखिला लिया है। मगर यहां पर पर्याप्त स्टाफ नहीं है, जिस कारण उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के कारण पढ़ाई सही प्रकार से नहीं हो रही है। इससे उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय एवं चौपट होता नजर आता है।

उन्होंने बताया कि उनके अभिभावकों ने उनको लेकर जो सपने देखे थे, वह धूमिल होते दिख रहे हैं। यहां उनको काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने यहां पर इसलिए दाखिला लिया था कि नया कॉलेज है, अच्छी पढ़ाई होगी। यहां पर स्टाफ नहीं होने के कारण काफी दिक्कत हो रही है।

### ये बोले मेडिकल एमएस

मुझे लगता है कि छात्रों को किसी ने बहकाया या उकसाया है। किसी के कहने पर ऐसा किया गया है। उन्हें कल बुधवार बुलाकर बातचीत की जाएगी और जाना जाएगा कि उन्हें किस तरह की परेशानी है। यह कॉलेज नया है। इसलिए यहां अब भी भर्ती जारी है। कल बुधवार एवं वीरवार को भी सीनियर रेजिडेंट डाक्टरों की भर्ती की जानी है। जूनियर रेजिडेंट एवं एसोसिएट प्रोफेसर की भी भर्ती की जा रही है। भर्ती का ड्राइव चला हुआ है। शीघ्र ही इसे पूरा किया जाएगा।

-डा. लोकवेंद्र सिंह बुडानिया, एमएस मेडिकल कॉलेज कोरियावास

### विवादों से जुड़ रहा नाता

कोरियावास मेडिकल कालेज की घोषणा आधिकारिक तौर पर 23 दिसंबर 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा की गई थी, जब उन्होंने इसकी नींव रखी। इसका निर्माण कार्य सितंबर 2019 में शुरू हुआ। लगभग 70 एकड़ में अब तक इसका कॉलेज का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जब इसकी आधारशिला रखी गई, तब इस नांगल चौधरी विधानसभा से विधायक डा. अभयसिंह यादव थे, लेकिन जैसे-जैसे इस कॉलेज का निर्माण पूरा हुआ, राजनीतिक परिस्थितियां बदल गई। न तो अब डा. अभय सिंह यादव विधायक रहे और न ही खट्टर सीएम, बल्कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में डा. अभयसिंह के धुर विरोध केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की लाडली आरती सिंह राव अब हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री हैं। जब इस कॉलेज का सरकार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज से बदलकर महर्षि च्यवन ऋषि अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज कोरियावास रखा, तब इसका नया विवाद उत्पन्न हुआ और कोरियावास की ग्राम पंचायत ही इसका विरोध करने लगी। पंचायत की मांग थी कि कॉलेज का नाम राजा राव तुलाराम के नाम से हो। राव तुलाराम के वशंज राव इंद्रजीत सिंह एवं आरती राव हैं। यहीं से नांगल चौधरी विधानसभा की राजनीति, खासकर भारतीय जनता पार्टी की राजनीति दो गुटों में बंट गई। हालांकि सीएम नायब सैनी जब 16 नवंबर 2025 में अनाज मंडी नारनौल में महाराज शूरसैनी की जयंती मनाने आए, तब उन्होंने कोरियावास अस्पताल ब्लॉक का नाम राजा राव तुलाराम करने की घोषणा कर इस मामले को शांत करा दिया, लेकिन गत चार जनवरी को नांगल चौधरी विधानसभा के बड़े गांव भुंगारका चाय के बहाने मिलन समारोह रखा और इसके मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डा. अभयसिंह ने राव इंद्रजीत का नाम बगैर लिए उन्हें टारगेट पर रखा और उन्हें इलाके के विकास का विरोधी होना बताया। इसके बाद से यह मेडिकल कॉलेज भी चर्चा में बना हुआ है, क्योंकि चाय पार्टी में डा. यादव ने छह महीने बाद इस मेडिकल कॉलेज में मूलभूत सुविधाएं नहीं देने के विरोध में आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया था। उस ऐलान के बाद से अहीरवाल की राजनीति में भूचाल आया हुआ है और राव एवं राव विरोधी एक–दूसरे पर मौका मिले या न मिले, गाहे–बगाहे जुबानी तीर जमकर चला रहे हैं। आज मंगलवार को छात्रों ने कॉलेज गेट पर आकर हंगामा कर दिया, जिसे इस इलाके की वर्तमान राजनीति में आग में घी का काम करने वाला माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सतनाली में आयुष चिकित्सा शिविर 23 को

**सतनाली मंडी।** महानिदेशक आयुष हरियाणा के निर्देशानुसार जिला आयुष विभाग की ओर से बसंती पंचमी के अवसर पर योगशाला सतनाली में 23 जनवरी को आयुष निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। योगशाला सतनाली की आयुष योग सहायिका सविता ने बताया कि शिविर में डॉ. सुमन कुमारी नोडल अधिकारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे शुरू होने वाले इस शिविर में जांच, परामर्श औषधियों का वितरण किया जाएगा।

### श्रीश्याम महोत्सव 14 फरवरी को

**कनीना।** पुरानी अनाज मंडी में 14 फरवरी को 12वें श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित होने वाले इस समारोह में गायक कलाकार श्रीश्याम बाबा के भजनों की प्रस्तुती देंगे। मंडल के प्रधान अनिल गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के उपरांत 22 फरवरी को 11वीं निशान पद व शोभा यात्रा शुरू होगी, जो हुड़िया जैतपुर के लिए रवाना होगी। 27 फरवरी को राधा कृष्ण मंदिर कनीना मंडी से निशान पदयात्रा प्रारंभ होगी, जो श्रीश्याम मंदिर बस स्टैंड पहुंचेगी।

पार्षद ने फाड़ा प्रस्ताव का पत्र, पार्षद व प्रधान के बीच जमकर नोक-झोंक

# नपा हाउस की बैठक में हंगामा, तू-तड़ाक तक पहुंची बात, 6 प्रस्तावों पर सहमति

**हाउस के सदस्य बोले, गणतंत्र व स्वतंत्र दिवस पर उनका नहीं होता मान-सम्मान, नगर पालिका कार्यक्रम का खर्च क्यों भुगते**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में बैठक करते पार्षद व चेयरमैन।

नगर पालिका की बैठक मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रधान व कुछ पार्षदों के बीच जमकर हंगामा देखने को मिला। हंगामे के दौरान पार्षदों एक-दूसरे को तू-तड़ाक की नौबत आ गई। हंगामा बढ़ता देख सभी पार्षद मीटिंग से बाहर निकल गए और अधिकारी भी बाहर चले गए। कार्यालय में पार्षदों व प्रधान के बीच जमकर नोक-झोक देखने को मिली। दोपहर करीब 12 बजे आयोजित हुई बैठक में आठ प्रस्ताव रखे गए, जिनमें छह प्रस्तावों पर सहमति मिल सकी। इसके बाद बैठक में हंगामा हो गया।

बता दें कि नगर पालिका कार्यालय में आयोजित हाउस की बैठक में देवीलाल पार्क के पास सामुदायिक केंद्र का नाम अटल बिहारी वाजपेयी करने और मूर्ति स्थापना पर चर्चा की गई। इस प्रस्ताव पर सभी पार्षदों ने ध्वनि मत से सहमति जताई। इसके अलावा माजरा चुंगी को रेजांगला चौक का नाम देने पर भी सहमति बनी। किसी अन्य चौक व चौराहे को महाराजा अजमीढ़ चौक का नाम दिए जाने के लिए पार्षदों से सुझाव मांगे गए। इस पर भी सभी पार्षदों ने सहमति जताई। इसके अतिरिक्त बैठक में शहर की पुरानी कचहरी पार्किंग स्थल पर वाहनों के लिए पार्किंग शुल्क तय किया गया, जिनमें बाइक के दस रुपये व चौपहियां वाहन के 20 रुपये निर्धारित किए गए। इस प्रस्ताव पर सहमति बनी रही। इसके अलावा दीपावली पर सजावट खर्च की आदायगी पर भी सहमति बनी। इसके अलावा इस साल 26 जनवरी व 15 अगस्त के खर्च की तैयारी की सहमति नहीं बन सकी। इस प्रस्ताव पर सभी पार्षदों ने कहा कि यह प्रस्ताव पास नहीं किया जा सकता, क्योंकि पार्षद व प्रधान के शपथ समारोह में उनकी जेब से शपथ समारोह आयोजित किया गया था। सभी पार्षदों ने अपनी जेब से सात से लेकर आठ हजार रुपये दिए थे। यह रुपये अभी तक नहीं मिले हैं। इसके अलावा गणतंत्र दिवस व स्वतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उनको कुर्सियां तक नहीं दी जाती और न ही उनका मान-सम्मान किया जाता है।


महेंद्रगढ़। बैठक के दौरान हंगामा करते पार्षद। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान रमेश सैनी, उपप्रधान मंजू कौशिक, पार्षद सरिता राठी, रजनेश कुमारी, अशोक कुमार, ममता, राजेश कुमार, भतेरी देवी, देवेंद्र सैनी, सीमा रानी, शारदा देवी, विष्णु वाल्मीकि, सुरेंद्र कुमार उर्फ फौजी, सुखबीर यादव, सुनील कुमार, मनोनित पार्षद मुकेश कुमार खटीक, लक्ष्मी कांत, नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान, एमई राजेश कौशिक सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध कब्जे की होनी चाहिए जांच

नगर पालिका की ओर से आयोजित बैठक में चेयरमैन रमेश सैनी की ओर से भूतपूर्व सैनिक विकास संघ की ओर से चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में बन रहे शहीद स्मारक के सामने दो युद्ध टैंक रखवाने व वाल्मीकि युवा सभा द्वारा नारनौल-दादरी स्टेट हाईवें के टी प्वाइंट पर वाल्मीकि चौक बनवाने का प्रस्ताव रखा गया। दोनों प्रस्ताव चेयरमैन ने लिए हुए थे। एक पार्षद ने अपना प्रस्ताव भी रखा। पार्षद ने प्रधान व पार्षदों से अनुमति लिए बिना ही प्रस्ताव पास करवाने कोशिश की। इस दौरान चेयरमैन रमेश सैनी ने कहा कि सभी पार्षद व प्रधान की अनुमति से यह प्रस्ताव पास हो सकते हैं। इस दौरान पार्षद भड़क गया और मेज पर रखे दोनों प्रस्ताव को पार्षद ने फाड़ दिया। इसके बाद कार्यालय में पार्षदों व प्रधान के बीच जमकर नोक झोक देखने को मिली। वहीं पार्षद ने कहा शहर में 250 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे किए हुए हैं। शहर में लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की भी जांच होनी चाहिए, ताकि शहरवासियों का पता चल सके।

# मंढाणा में स्व. राव बंशी सिंह की 30वीं पुण्यतिथि आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली



हरियाणा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के पिता एवं प्रदेश के पूर्व पंचायत एवं विकास मंत्री स्वर्गीय राव बंशीसिंह की 30वीं पुण्यतिथि 21 जनवरी को ग्राम मंढाना में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर प्रातः 10 बजे हवन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। कांग्रेस नेता महेंद्र रातां एवं दिलीप सिंह चेयरमैन ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि स्व. राव बंशीसिंह ने दक्षिणी हरियाणा जैसे पिछड़े क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी। बिजली, पानी, शिक्षा और पंचायत स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्होंने राजनीति के मायने बदल दिए थे। वे एक कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ धार्मिक, आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत व्यक्तित्व के धनी थे। स्व. राव बंशीसिंह का जीवन आज भी आमजन के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# नियामतपुर मोरुंड व गोठडी के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

**रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आमजन ने उठाई थी मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल




उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार गांव नियामतपुर मोरुंड व गोठडी तक हरियाणा रोडवेज की बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक देवदत्त ने बताया कि विगत माह नियामतपुर में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आमजन की ओर से नियामतपुर मोरुंड व गोठडी तक हरियाणा रोडवेज की बसें चलाने मांग की गई थी। उपायुक्त के आदेशानुसार आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा के छात्रों के लिए सुबह आठ बजे व सायंकालीन 3:40 बजे आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा से तथा आम नागरिकों के लिए नांगल चौधरी बस स्टैंड से नियामतपुर मोरूंड व गोठडी के लिए सुबह आठ बजे व सायंकालीन 4:50 बजे बस सेवा का संचालन शुरू कर दिया गया है।

जोरासी रामकथा महोत्सव

# 22 से 31 तक नारनौल-निजामपुर रोड पर रूट डायवर्जन लागू

**पुलिस ने जारी की रूट और पार्किंग एडवाइजरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। कथा महोत्सव स्थल का निरक्षण करती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो: हरिभूमि

जोरासी धाम में आयोजित होने वाली जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा भव्य रामकथा एवं 151 कुंडिय सहस्त्र चंडी महायज्ञ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने तैयारियों का जायजा लिया। जिले की पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने दूसरी बार कार्यक्रम स्थल पर जाकर सभी छह पार्किंग व पंडाल में एंट्री एवं एग्जिट समेत तमाम व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम संचालकों को कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इसके अलावा आमजन की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला पुलिस ने विस्तृत रूट एडवाइजरी जारी की है।

वहीं इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए 22 जनवरी से 31 जनवरी तक नारनौल से निजामपुर रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त, नारनौल से निजामपुर और निजामपुर से नारनौल की ओर जाने वाले छोटे वाहन चालकों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि वे इस अवधि के दौरान मुख्य नारनौल-निजामपुर मार्ग का प्रयोग न करें और पुलिस द्वारा निर्धारित किए गए वैकल्पिक मार्गों का ही अनुसरण करें।

### रूट को यूं किया डायवर्ट

यातायात को नियंत्रित करने के लिए रूट को डायवर्ट किया गया है, जिसके तहत नारनौल की तरफ से निजामपुर जाने वाले वाहन अब मांदी से होते हुए 200 फुटा रोड(हब) के रास्ते निजामपुर की ओर प्रस्थान करेंगे। वहीं, दूसरी ओर निजामपुर से नारनौल आने वाले वाहनों को नेशनल हाईवे 148-बी से होते हुए नीरपुर बाईपास से रेवाड़ी की तरफ व इसी बाईपास से लहरोदा चौक से महेंद्रगढ़ की तरफ भेजा जाएगा। रेवाड़ी से नारनौल होते हुए निजामपुर की तरफ जाने वाले वाहन नीरपुर बाईपास से एनएच 148बी का प्रयोग करते हुए 200 फुटा रोड(हब) के रास्ते से निजामपुर जाएं। विशेष रूप से दिनांक 23 जनवरी को कलश यात्रा चमत्कारी बालाजी मंदिर से आरंभ होकर महाबीर चौक और निजामपुर बाईपास होते हुए जोरासी धाम पहुंचेगी, अतः इस दौरान सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के कड़े इंतजाम रहेंगे।

### रहेंगे छह पार्किंग स्थल

कथा स्थल पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए नारनौल-निजामपुर रोड पर पार्किंग की सुदृढ़ व्यवस्था की है, जहां कुल छह पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। यातायात के सुगम प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नारनौल की तरफ से पहली पार्किंग और निजामपुर की तरफ से पहली पार्किंग को विशेष रूप से बसों के लिए आरक्षित किया गया है, जबकि शेष अन्य सभी पार्किंग स्थलों का उपयोग छोटे वाहनों के लिए किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों और वाहन चालकों से कहा गया है कि वे असुविधा से बचने के लिए उक्त रूट प्लान का पालन करें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान आर्यवर्त सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया, जोरासी मंदिर के मुख्य पुजारी कमलकांत, पंडित सोमदत्त शर्मा, धर्मवीर पिलानिया, एसपी शर्मा, विक्रमजीत चौधरी, मंदीप पानू, विवेक कतियाल, मंदीप बेनीवाल, विक्की हुड्डा, नितिन संघी, रोहताश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कपिल भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री आज अटेली खंड में करेंगी जनसभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री आरती सिंह राव 21 जनवरी को जिले के अटेली ब्लॉक का दौरा करेंगी। सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य मंत्री रेवाड़ी से प्रस्थान कर सीधे अटेली ब्लॉक के गांवों में पहुंचेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 10 बजे गांव सराय में मंदिर के पास, 10:30 बजे गांव सुरानी के खेल मैदान में, 11 बजे गांव छापड़ा सलीमपुर स्थित रूपादास मंदिर में जनसभाओं को संबोधित करेंगी। दोपहर 12 बजे गांव खोड स्थित गुग्गा जी बंगला व दोपहर साढ़े 12 बजे गांव गुजरवास के रामलीला चौक पर आयोजित सार्वजनिक बैठकों में जनता से संवाद करेंगी।

**आरोप** लॉजिस्टक हब के लिए पूर्व विधायक डा. अभयसिंह यादव की रही अग्रणी भूमिका

# एक ही प्रोजेक्ट 'लॉजिस्टक हब' : रेलवे ने 65 लाख और सरकार ने दिए 30 लाख, भेदभाव पर धरना

**किसान बोले, हाईकोर्ट ने किसानों के हक में दिया फैसला, अब विरोध में सरकार गई सुप्रीम कोर्ट, अभी कुछ दिनों पहले ही मिले हमें नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। मीडिया के सामने अपना पक्ष रखते बसीरपुर के लोग। फोटो: हरिभूमि

शहर से करीब आठ किलोमीटर दूर गांव बसीरपुर में बनने वाले मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए ली गई जमीन का कम मुआवजा मिलने पर किसान एकजुट होने लगे है। बसीरपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए मंगलवार किसानों ने कहा कि बशीरपुर के किसानों की भूमि 30 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से ली गई। उस वक्त किसानों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की जानकारी नहीं थी। जब मामला कोर्ट में पहुंचा तो हाईकोर्ट ने किसानों के पक्ष में फैसला किया है। अब सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गई है। अभी हमें एक दो दिन पहले ही नोटिस मिले है।

यह आरोप गांव बसीरपुर वासी एवं निजामपुर पैक्स के प्रधान कृष्ण ने गांव में आयोजित पत्रकारवार्ता में लगाए। इस दौरान गांव के अनेक लोग वहां मौजूद रहे। उन्होंने मीडिया को बताया कि अगर 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार अगर इन किसानों की जमीन लॉजिस्टिक हब के लिए खरीदी जाती है तो किसानों को मुआवजा न्यूनतम 66 से 80 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से देना पड़ता।

किसानों के साथ दूसरा धोखा यह भी हुआ है कि लॉजिस्टिक हब बनाने के लिए ली गई जमीन का बसीरपुर व दो अन्य गांव के लोगों को 30 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया गया, जबकि इसी प्रोजेक्ट के लिए बिछाई जाने वाली रेलवे लाइन का दो-तीन गांवों के लोगों को 65 लाख रुपये मुआवजा दिया गया है। कारण, वहां भूमि का अधिग्रहण सीधे सरकार द्वारा किया गया था, वहां जमीनों का अधिग्रहण 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार किया गया। फिर बसीरपुर के किसानों को क्यों नहीं दिया जा सकता। यहां पर बिना रेट तय किए गए किसानों के पास से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह हस्ताक्षर तत्कालीन विधायक के चहेते लोगों ने किसानों के साथ छल कर करवाए गए। उन्होंने कहा कि 2017 में जब किसानों को लॉजिस्टिक हब के लिए मुआवजा दिए जाने की बात चली, तब एक सहमति पत्र तैयार किया गया। उसमें यह कहीं भी जिक्र नहीं किया गया कि इसमें कितनी राशि किसानों को मिलेगी।

### अदालत के आदेश के बाद किसान आए आगे

उन्होंने कहा कि बिना राशि का जिक्र किए किसानों को 30 लाख प्रति एकड़ रुपये दे दिए गए थे। किसानों ने सोचा कि उनको मिली राशि पर्याप्त है। मगर कुछ किसान इसके खिलाफ अदालत में चले गए, तब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 को किसानों के हक में फैसला दिया। जिसमें अदालत ने बताया कि किसानों को मिली राशि पर्याप्त नहीं है तथा यह भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत किसानों को नहीं दिया गया। जब कुछ दिन पहले उनको यह पता चला कि उनके साथ धोखा हुआ है तो उन्होंने इसका विरोध शुरू किया है।

### गांव ने पूर्व विधायक पर किया था भरोसा, अब आंख खुली

उन्होंने कहा कि गांव ने पूर्व विधायक डा. अभय सिंह व उनके चहेतों पर पूरा भरोसा किया था। उसे भरोसे के बाद अब आंख खुली है। किसानों में गुस्सा है। उन्हें जमीन का कम मुआवजा दिया गया। इस कारण ही विरोध में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया है। पूर्व विधायक धरने पर आए और किसानों के हक की बात करें तो धरना खत्म कर सकते है। वरना यह धरना प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार उनको ठोस आश्वासन न दें।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

## टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर



तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।

# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधर: द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग




तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।

## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुईं। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।



***नई दिल्ली।*** *सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मचारियों को स्वस्थ रहने के दिए टिप्स

**कनीना।** पुलिस कर्मचारियों को टेंशन मुक्त रखने की दिशा में जिले के प्रत्येक थाना व चौकी में क्लास लगाई जा रही है। जिसमें चिकित्सक उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स बता रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. राहुल गुप्ता की टीम कनीना सदर व सिटी था पहुंची। जहां उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान तनावग्रस्त न रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तनावग्रस्त रहने से मुलाजिम ड्यूटी तथा घरेलू कार्य सही तरीके से नहीं कर पाते।

### डेंटल सर्जन की दादी का निधन

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल में कार्यरत डेंटल सर्जन डॉ. जितेंद्र मोरवाल की दादी व पूर्व नायब तहसीलदार एमएस मोरवाल की



माता चमेली देवी का निधन हो गया, वे 98 साल की थी। जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार सायं कनीना स्थित स्वर्ग आश्रम में किया। वे अपने पीछे दो पुत्र, छह पुत्री सहित पौत्र व प्रपौत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। निधन पर उप नागरिक अस्पताल की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनू वर्मा, डॉ. सुंदरलाल, डॉ. दिनेश कुमार, सत्येंद्र सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. दीपांशु, लखपत के अलावा नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा, पूर्व चेयरमैन सतीश जैलदार आदि ने शोक जताया है।

## कच्चे रास्ते में जमा रहता है निकासी का गंदा पानी

# ग्रामीणों ने जैलाफ-चिंडालिया रास्ता पक्का करने की मांग की

**आए दिन गिरकर चोटिल होने की घटनाओं से परेशान भड़के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ग्रामीणों ने जैलाफ गांव से चिंडालिया गांव को जाने वाले रास्ते को पक्का करने की मांग की है। रास्ते में आए दिन गिरकर चोटिल होने की घटनाओं से परेशान होकर ग्रामीणों ने जैलाफ से चिंडालिया रास्ता पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में इस रास्ते से गिरकर घायल बुजुर्ग महिला चोटिल हाथों से जैलाफ से चिंडालिया रास्ता पक्का करो की आवाज बुलंद की। इस प्रदर्शन में इस रास्ते में आवाजाही से गिरकर घायल हुई बुजुर्ग महिलाएं, बच्चों, बुजुर्ग व महिलाओं ने मुखर होकर दो गांवों के लिए इस महत्वपूर्ण रास्ते को तत्काल पक्का करने की मांग की।

ग्रामीणों की ओर से लम्बे समय से इस रास्ते को पक्का बनवाने की मांग के बावजूद रास्ता नहीं बनने पर ग्रामीणों का आक्रोश साफ दिखाई दिया। बता दें कि दोनों गांवों के ग्रामीणों ने 24 अगस्त 2025 को विधायक के गांव जैलाफ व चिंडालिया में आगमन पर दोनों गांवों को जोड़ने वाले, खेतों में जाने वाले, पशुओं के लिए चारा लाने के लिए खेतों में जाने वाली महिलाएं, चिंडालिया से जैलाफ आने वाले स्कूली बच्चों व राजस्थान की सीमा से लगते गांवों को जोड़ने वाले इस रास्ते को पक्का बनवाने हेतु मांग की गई थी, लेकिन छह महीने होने के बावजूद यह रास्ता अभी भी कच्चा है। रास्ता खस्ताहाल व उबाड़ खाबड़, गहरे गड्ढे व जगह-जगह पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों, बुजुर्ग महिलाओं, स्कूली बच्चों का इस रास्ते से आवाजाही दूभर हो गई है। आए दिन बुजुर्ग महिलाएं, बुजुर्ग किसान व स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं।



- बुजुर्ग महिलाएं किसान व स्कूली बच्चे गिरकर हो रहे चोटिल

नारनौल। रास्ता पक्का करने की मांग करते जैलाफ के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

***जगह-जगह पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों, बुजुर्ग महिलाओं व स्कूली बच्चों का इस रास्ते से आवाजाही हो गई दूभर***

### आंदोलन करने की चेतावनी

छाजूराम रावत ने कहा कि ग्रामीणों की बेहद वाजिब, जरूरी व जनहित की मांग को तत्काल स्वीकार कर दो गांवों को जोड़ने वाले इस रास्ते को तत्काल पक्का करवाया जाए। यदि शीघ्र ही इस रास्ते को पक्का करने की ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। छाजूराम रावत ने बताया कि ग्रामीणों ने कई बार मौखिक व लिखित में प्रशासन तथा जन प्रतिनिधियों से इस बेहद महत्वपूर्ण रास्ते को पक्का करने का आग्रह कर चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक सुनवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस अवसर पर मुकेश ने भी इस रास्ते को पक्का करने की ग्रामीणों की जनहित की मांग को तत्काल स्वीकार करने की मांग की।

## यदुवंशी स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित



महेंद्रगढ़। शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा तनाव मुक्त अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रेरणादायक एवं स्वास्थ्य वर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अध्ययन और परीक्षाओं के प्रति अनुशासित, आत्मविश्वासी एवं ईमानदार रहने की शपथ ली। इस शपथ ने विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को मजबूत किया। विद्यार्थियों के मानसिक व शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए योग एवं ध्यान (मेडिटेशन) सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनाव से मुक्त रहने, एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।

### माफी मांगनी चाहिए

ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन इसे बोझ नहीं, बल्कि अपने ज्ञान और मेहनत को परखने का अवसर समझना चाहिए। सफलता का मूल मंत्र नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास है। योग और ध्यान हमें मानसिक शांति प्रदान करते हैं, जिससे हम तनावमुक्त होकर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। याद रखें, परीक्षा केवल अंक नहीं तय करती, बल्कि आपका चरित्र, अनुशासन और आत्मबल ही आपको जीवन में आगे बढ़ाता है। आप सभी पूरी निष्ठा और लगन से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। विद्यालय परिवार सदैव आपके साथ है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

# मैथ ओलंपियाड में देवयानी स्कूल की प्रथम रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के बच्चों ने इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड में गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त किया हैं, जिसमें भव्या पुत्री धर्मवीर, निक्की पुत्री संदीप, विधि पुत्री जितेंद्र कुमार, प्रज्ञा पुत्री सत्यवान, चंचल पुत्री मोनू यादव, दिया पुत्री अजय कुमार, दिव्यांशी पुत्री पंकज, पार्थ पुत्र अनिल ने गोल्ड, दक्ष पुत्र विनोद, आयशा पुत्री संदीप, पार्थ पुत्र चंद्रहास, परीक्षित पुत्र अनिरुद्ध, सारांश पुत्र नरेंद्र ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया।

भावेश पुत्र प्रमोद, परीधि पुत्री प्रवीण कुमार, भाविक पुत्र धर्मेंद्र, अर्पिता पुत्री अशोक, यष्टी पुत्री संदीप, खुशी पुत्री मोनू, दीपांश पुत्र सुधीर, नेहा पुत्री विजयपाल, कार्तिक पुत्र अजीब, पियूष पुत्र विजयपाल, नव्या पुत्री राजकुमार, दीपेश पुत्र संदीप, हरमाइनी पुत्र धर्मेंद्र, वंश पुत्र संदीप, कर्ण पुत्र अजीत, दुष्यंत पुत्र विनोद, दीपांशु पुत्र सतीश, कुनाल पुत्र मनमोहन, हर्ष आर्य पुत्र राजीव कुमार, चिराग पुत्र कृष्ण कुमार, तन्वी पुत्र सत्यनारायण, लोकेश पुत्र पवन, जिया पुत्र विक्रम कुमार, प्रणव पुत्र सूर्यकांत, मधुर पुत्र कृष्ण कुमार, प्रियांशु पुत्र विक्की यादव, लक्ष्य पुत्र सत्यवीर सिंह, यश पुत्र प्रवीण कुमार, खुशबू पुत्री प्रदीप कुमार, मोनिका पुत्री राजकुमार ने सर्टिफिकेट प्राप्त किया। प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि मैथ ओलंपियाड का एक यह एग्जाम नवंबर माह में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। सम्मान समारोह में स्कूल प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# कविता पाठ स्पर्धा में कोमल रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कार्टूनिंग, कोलाज, भाषण, कविता पाठ तथा मेहंदी प्रतियोगिता प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव द्वारा किया गया।

प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि आज की नारी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता छात्राओं के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. परमीत कुमारी, डॉ. अनिता तथा डॉ. रितु रानी ने निभाई।

प्रतियोगिताओं के परिणाम के अनुसार कविता पाठ प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में संतोष कुमारी प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा सुमन और कुकी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में बनाए हुए पोस्टर दिखाती छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

# पीजी कॉलेज की सोम्या शर्मा ने सरस्वती महोत्सव में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार के तत्वावधान में हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन राजकीय महाविद्यालय में किया गया। जिसमें करीब 50 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सोम्या शर्मा प्रथम स्थान रही। इसके बाद राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय सरस्वती विकास बोर्ड अंतर राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में सोम्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसकी वजह से राजकीय महाविद्यालय में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार व प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह तथा स्टाफ सदस्यों ने छात्रा सोम्या शर्मा को पारितोषिक व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों सर्वांगीण विकास होता है। प्राचार्य प्रोफेसर राजवीर सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतियोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. सत्यपाल सुलोदिया थे। उपप्राचार्य डॉ. हवासिंह ने सोम्या शर्मा को बधाई दी। प्रेस प्रवक्ता प्रोफेसर डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि इस जिला स्तरीय महोत्सव में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विजेताओं ने हिस्सा लिया। प्रोफेसर डॉ. नरेश कुमार ने आयोजकों व स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



नारनौल। छात्रा सोम्या शर्मा को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# पॉलिटेक्निक में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रेड रिबन क्लब के सहयोग से मंगलवार को बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में एचआईवी/एड्स विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में इसके प्रति सकारात्मक सोच और सही जानकारी का प्रसार करना था।

प्रतियोगिता में विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने पोस्टरों के माध्यम से एचआईवी/एड्स से बचाव, जागरूकता, भेदभाव समाप्त करने तथा सुरक्षित जीवनशैली का संदेश दिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और विषय की गहन समझ को निर्णायक मंडल द्वारा सराहा गया।

प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए बताया गया कि प्रथम स्थान पायल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान दिव्यांश शर्मा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग फाइनल ईयर के छात्र ने हासिल किया। तृतीय स्थान गोपाल सिंह, सिविल इंजीनियरिंग फाइनल ईयर के विद्यार्थी रहे।



नारनौल। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं

कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कहा कि एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी, सतर्कता और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से इस बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने ज्ञान और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रधानाचार्य ने रेड रिबन क्लब द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि सामाजिक विषयों पर उनकी संवेदनशीलता भी विकसित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान के चलते दुकानदारों व कर्मियों के बीच हुई थी झड़प

# नपा कर्मचारियों और दुकानदारों के बीच चल रहा विवाद खत्म

***दोनों पक्षों की ओर से पुलिस थाने में दी गई थी शिकायत***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका प्रशासन की ओर से पांच दिन पूर्व चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत कुछ दुकानदारों की ओर से नपा कर्मचारियों से झड़प करने की घटना के बाद मंगलवार को आपसी सहमति से सुलहनामा हो गया। जिसके चलते कार्रवाई की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे नपा के सफाई कर्मचारी दोपहर बाद काम पर लौट गए। बता दें कि घटना के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर दोनों पक्षों की ओर से सिटी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। नपा सचिव, नगरपार्षदों व चेयरपर्सन हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों ने खुशी जाहिर की। दुकानदारों की ओर से भविष्य में झड़प न करने का आश्वासन दिया गया। वहीं नपा कर्मचारियों ने भी सामूहिक सहयोग से जनहित के कार्य करने की बात कही। बता दें कि जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह के दिशानिर्देश में बीते वीरवार को नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा के नेतृत्व में नपा सचिव कपिल कुमार, जेई राकेश कुमार, श्यामलाल सहित पुलिस टीम ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों के दो-दो हजार रुपये के चालान कर अभियान को गति दी थी। अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने अटेली मोड़ से लेकर रेवाड़ी मोड़ तथा मंडी रोड पर फोकस किया था।



कनीना। नपा कार्यालय गेट पर धरना देते सफाई कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### सफाई कार्य शुरू

मंडी रोड पर रेहड़ी फड़ी वालों को खदेड़ा गया, तो कुछ दुकानदारों ने बाधा डालकर कार्रवाई को ब्रेक कर दिया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षों की ओर से पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करानी पड़ी। सफाई कर्मचारी कार्रवाई की मांग को लेकर नपा गेट स्थित धरने पर बैठ गए। पिछले चार दिनों से धरनारत रहने के कारण सफाई व्यवस्था चरमराने लगी थी। मंगलवार को आपसी सहमति से सुलह होने के बाद कार्य सुचारू रूप से संचालित हो गया।

### क्या कहती हैं नपा चेयरपर्सन

नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने कहा कि नगर आयुक्त रणबीर सिंह के दिशानिर्देश पर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमण होने से आए दिन मार्ग अवरुद्ध होने की शिकायतें आती हैं। कई बार दुकानदारों को हिदायत भी दी गई है, लेकिन अमल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता व विकास में आमजन सहयोग करें।



नारनौल। रिहर्सल करते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए बच्चों ने की रिहर्सल

**नारनौल।** आईटीआई परिसर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को विभिन्न स्कूली बच्चों की ओर से रिहर्सल की गई। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पीटी, मार्च पास्ट आदि का अभ्यास किया। इस अवसर पर नगराधीश डॉ. मंगल सेन ने टीम प्रभारियों को निर्देश दिए कि सांस्कृतिक टीमों का निर्धारित समय में ही कार्यक्रम प्रस्तुत करवाएं। सभी सांस्कृतिक टीमें समय पर पहुंचकर अपने क्रम के अनुसार तैयारी करें, ताकि समय पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा सकें।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सोना नारायण पुत्र सुरेश कुमार वासी गुवानी तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी माता जी के आधार कार्ड में उनका नाम बीना देवी (Beena Devi) व जन्म तिथि 14.01.1972 है जो कि गलत है। उनका सही नाम बीना देवी (Bina Devi) व जन्म तिथि 19.07.1970 है जो कि सही है। (Beena Devi) व (Bina Devi) एक ही औरत के नाम है।

## खबर संक्षेप

### खारीवाड़ा गांव के पूर्व सरपंच को भातृ शोक

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव खारीवाड़ा के पूर्व सरपंच वीरसिंह के भाई विष्णु सिंह का सोमवार को निधन हो गया। वह 52 वर्ष के थे तथा एक सामाजिक नागरिक थे। उनके अंतिम संस्कार में आस-पास के अनेक गांवों के गणमान्य व सरपंचों ने हिस्सा लिया। पूर्व सरपंच बीर सिंह ने बताया कि उनके दो बच्चे है, अचानक निधन होने से परिवार पर काफी बोझ पड़ गया है।

### मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करें महिलाएं: डॉ. ललित

**नांगल चौधरी।** राजकीय आयुर्वेद औषधालय नायन में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें आयुष विभाग से डॉ. ललित मोहन जोशी ने महिलाओं को विभिन्न बीमारियां पनपने व बचाव की जानकारी दी। साथ ही दैनिक दिनचर्या में योगासनों को शामिल करने का संदेश दिया। कहा कि योगासनों से मानसिक, शारीरिक और आत्मिक विश्वास बढ़ेगा। इस दौरान खेत खलिहानों में उपलब्ध पौष्टिक सब्जियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अधिकांश महिलाओं को पौष्टिक व संतुलित भोजन की जानकारी नहीं होती, जिस कारण उन्हें कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रसन्न रहना, समयपर भोजन करना, पूरी नींद लेना, चिंतामुक्त रहना जरूरी है।

परशुराम कॉलोनी और काठ मंडी में चोरी से लोगों में मचा हड़कंप

# सर्दी बढ़ते ही चोरी की वारदातों में इजाफा, दिनदहाड़े लाखों की चोरी

- सोमवार दोपहर और शाम को चोरों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर की परशुराम कॉलोनी और काठ मंडी में चोरों ने दो अलग–अलग घरों में दिन–दहाड़े चोरी कर ली, जिससे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। दोनों ही जगह से लाखों के जेवराज एवं नकदी चोरी की गई है। चोरी की घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नागरिक अस्पताल के पास अग्रवाल सभा की तरफ परशुराम कॉलोनी बसी हुई है। यहां बने मकानों को चोरों ने सोमवार दोपहर व शाम को अपना निशाना बनाया। चोरों ने दोनों ही मकानों से सोने व चांदी के लाखों रुपये के आभूषण चुरा लिए। जब लोगों को चोरी का पता चला तो उनमें हड़कंप मच गया। दिन–दहाड़े हुए चोरी की वारदात से लोग आश्चर्यचकित हैं।



नारनौल। परशुराम कॉलोनी के मकान में चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।

### ताले तोड़कर की जेवरात और नकदी साफ

इस संदर्भ में परशुराम कॉलोनी निवासी ईश्वर सिंह ने बताया कि उसका वेयरहाउस के पास मकान है। गत 22 दिसंबर 2025 को मां का निधन हो गया था और पत्नी सवा महीना पूरा करने के चक्कर में बच्चों समेत गांव बाछोद गई हुई थी। वह 19 जनवरी को रोजाना की तरह सुबह करीब पौने नौ बजे जिला क्षय रोग केंद्र में अपनी ड्यूटी पर चला गया था। घर पर कोई मौजूद नहीं था और ताले लगे हुए थे। दोपहर करीब 1:30 बजे लंच के समय जब वह घर पहुंचा तो मुख्य गेट का ताला खोला और अंदर चला गया। अंदर जाकर देखो तो वहां के ताले टूटे हुए मिले और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। ईश्वर सिंह ने बताया कि चोर छत के साथ लगी अलमारी से करीब 20 हजार रुपये की नकदी, चांदी की लक्ष्मी–गणेश की मूर्ति, दो सोने की चेन करीब पांच तोला, तीन सोने की अंगूठियां, सोने के कुंडल की एक जोड़ी, चांदी की दो जोड़ी पायजेब और करीब 250 ग्राम की चांदी की प्लेट चोरी कर ले गए। ये सभी आभूषण उनकी पत्नी को विवाह के समय उसके माता–पिता द्वारा उपहार में दिए गए थे।

### बोचड़िया में बाबा जाटा मंदिर में चोरी

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बोचड़िया में अज्ञात चोरों ने रात्रि के समय बाबा जाटा मंदिर में दानपात्र का ताला तोड़कर नगदी एवं अन्य सामान चोरी कर लिया है। गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों को इस चोरी की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल से अटेली पुलिस को सूचना देकर शिकायत दी। अटेली पुलिस में दी शिकायत में गांव के सरपंच शेरसिंह एवं ग्रामीणों ने बताया कि 19 जनवरी की रात्रि के समय उनके गांव में बाबा जाटा मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर का दान पत्र तोड़कर नगदी व कमरे में रखे हुए सामान, जिसमें पीतल के घंटे, पीतल का हुक्का, पेन ड्राइव और ट्यूबवेल में लगी हुई बिजली की केबल काट कर ले गए हैं। वहीं मंदिर परिसर में बने कमरों के भी ताले तोड़ दिए हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से गुहार लगाई की जल्द से जल्द चोरों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करें। सूचना एवं शिकायत मिलते ही अटेली पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### लॉकर तोड़कर चोरी किए गहने

दूसरी चोरी काठ मंडी में रहने वाले बजरंग लाल के घर हुई, जिन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सीमा देवी सोमवार शाम करीब छह बजे मंदिर गई थी। तब घर के ताले खुले हुए थे और गेट को ढालकर वह मंदिर चली गई थी। करीब करीब सवा छह बजे सीमा देवी वापस लौटी तो उन्होंने पाया कि कोई अज्ञात व्यक्ति पीछे से घर में घुस गया था। घर के अंदर लोहे की अलमारी का बाहरी ताला खुला हुआ था, जबकि गेट बंद था। अज्ञात चोर ने अलमारी के अंदर बने छोटे लॉकर को तोड़कर उसमें रखी दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का मांग टीका, चांदी की एक जोड़ी पायजेब और करीब 9 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गया। दोनों ही जगह चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिस पर दोनों पीड़ितों ईश्वर एवं बजरंग लाल ने पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

वारदातों से व्यापारियों में भय का माहौल

# क्षेत्र में चोरी, लूटपाट एवं हमले की घटनाएं बढ़ रहीं: वैद्य वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- बजरंग लाल के घर से चोरी हुआ लाखों का सामान

व्यापार मंडल के अध्यक्ष वैद्य किशन वशिष्ठ, वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, सिटी प्रधान संजय गर्ग, जिला प्रवक्ता मुकेश जैन, मीडिया प्रभारी सोमदेव शर्मा, शहरी मंत्री रोहतास सैनी व अन्य व्यापारी उनके निवास पर पहुंचे और उनसे घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। चोरों ने बजरंग लाल घर से लाखों रुपये का सामान चुराया है। घटना सीसीटीवी फुटेज में कवर हैं। उन्होंने बताया कि चोर टीबी अस्पताल के कर्मचारी ईश्वर सिंह के बंद मकान से भी ताले तोड़कर लाखों रुपये के गहने एवं नकदी चुरा ले गए हैं। जिला व्यापार मंडल जिला पुलिस अधीक्षक से मांग करता है कि बजरंग लाल अग्रवाल के घर पर हुई चोरी की घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए शीघ्र चोरों को गिरफ्तार करें। व्यापार मंडल ने सिहमा गांव में खेमचंद शर्मा के गल्ले से रुपये छीनने की कोशिश एवं मारपीट करने की भी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने बताया कि जिला व्यापार मंडल के संगठन मंत्री खेमचंद शर्मा की गांव सिहमा स्थित दुकान पर एक व्यक्ति, जो सागरपुर गांव का बताया जाता है, उसने दुकान में घुसकर उनके गल्ले से पैसे चुराने की कोशिश की और खेमचंद पर हमला किया। खेमचंद के आवाज देने पर आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और फैजाबाद चौकी में ले गए।

### भय का माहौल

उन्होंने कहा कि जिले में व्यापारियों के साथ हो रही घटनाओं ने पूरे जिले में भय का माहौल पैदा कर दिया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि वे इन मामलों में कड़ा संज्ञान लें और ऐसे सामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करें। उन्होंने सिंघाना रोड पर बैटरी इन्वर्टर के व्यापारी सुनील भारद्वाज पर हमला, उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ और अब जिला व्यापार मंडल के संगठन मंत्री की दुकान में घुसकर हमला और गल्ले से पैसे लूटने की कोशिश। यही हालात रहे तो यहां का व्यापारी मजबूर होकर पूर्ण बंद करने पर बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुए गलत व्यवहार पर लोगों में रोष

# धर्मगुरु के समर्थन में धरना-प्रदर्शन

- मंजीत कुमार एवं मांदी ने दिया एक दिन का सांकेतिक धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर सनातन धर्म के प्रतिष्ठित धर्मगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के संगम घाट प्रयागराज में स्नान हेतु पधारे पर हुए गलत व्यवहार को लेकर मंजीत कुमार मांदी ने एक दिन का सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत खेद व आक्रोश का विषय है कि उक्त अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस बल ने उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया, जो न केवल एक धर्मगुरु व मानवता का अपमान है, बल्कि सनातन परंपरा पर भी आघात है।




नारनौल। धरना देते मंजीत कुमार मांदी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

शंकराचार्य जी जैसे उच्च कोटि के संत, जो करोड़ों सनातनियों की आस्था के केंद्र हैं, उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार निंदनीय है।

### अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

उन्होंने कहा कि जिले में प्रभात फेरी, माता के जागरण, कलश यात्रा, धर्म गुरुओं के स्वागत में आए दिन दान लेना आदि के बाद भी किसी भी संगठन की ओर से हिन्दू धर्म के सबसे बड़े धर्म गुरु में से एक के साथ हुए गलत व्यवहार पर इस प्रकार शांत रहना यह साबित करता है कि इनके लिए धर्म एक व्यापार मात्र व सत्ता पर आसीन लोगों को खुश करना है या फिर सभी संगठन डर के माहौल में है और केवल सत्त अनुसार यह सब धार्मिक कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का कर्तव्य श्रद्धालुओं व संत-महात्माओं की सुविधा सुनिश्चित करना है, न कि उनके साथ दुर्व्यवहार करना। अतः इस पूरे प्रकरण के दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

चौराहों पर वाहनों की बारीकी से जांच

# पुलिस टीम ने चलाया विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान

**नारनौल।** जिले में कानून व सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशानिर्देश पर सोमवार देर शाम जिले में एक विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने पूरी मुस्तैदी के साथ प्रमुख मार्गों व चौराहों पर नाकेबंदी कर वाहनों की बारीकी से जांच की। पुलिसकर्मियों का विशेष फोकस बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों व संदिग्ध अवस्था में घूम रहे वाहनों पर रहा। सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीमों



गाड़ी की जांच करते पुलिसकर्मी।

चार पहिया वाहनों की डिक्की खोलकर उनकी गहन तलाशी ली, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री या संदिग्ध वस्तु के परिवहन को रोका जा सके।

सामाजिक बुराइयों को खत्म के लिए सबका सहयोग जरूरी

# सीजेएम ने की बाल विवाह, वल्नरेबल गवाह और साइबर अपराध पर बैठक

- ग्राम स्तर पर मजबूत निगरानी तंत्र से दहेज प्रथा पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सभी विभाग मिलकर काम करेंगे, तो अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाकर पीड़ितों को समय पर न्याय मिल पाएगा। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मंगलवार को एडीआर सेंटर में बाल विवाह, दहेज प्रथा, साइबर अपराध, फ्रॉड एवं वल्नरेबल गवाह के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेते हुए कही। सीजीएम नीलम कुमारी ने बाल विवाह व दहेज प्रथा के बारे में



नारनौल। बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो: हरिभूमि

कहा कि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।

उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत कर जनता को इन प्रथाओं के कानूनी परिणामों और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना होगा, तभी इन सामाजिक बुराइयों पर पूरी तरह से अंकुश लग सकेगा।

### साइबर अपराधों में तेजी

उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में जहां बैंकिंग और अन्य सेवाएं सुलभ हुई हैं, वहीं साइबर अपराध के मामलों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। साइबर अपराधी मासूम नागरिकों को ठगने के लिए हर दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। साइबर अपराध से बचने के लिए ओटीपी सांझा न करें व अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें।



नारनौल। खुशी जताते भाजपा कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

अध्यक्ष चुनाव की खुशी में बांटी मिठाइयां

# नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी होगी और भी सशक्त : यतेंद्र राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- नए नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को मिलेगी दिशा

भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के चुनाव की खुशी मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव के नेतृत्व में पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकजुट हुए और मिठाई बांटकर, ढोल की थाप पर नाचकर अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी और भी सशक्त होगी। इस अवसर पर पार्टी के सभी सदस्यों ने एकजुटता व समर्पण की भावना को पुनः व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि पार्टी के नए नेतृत्व से सभी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन और दिशा मिलेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव, महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, राकेश शर्मा, दयाराम यादव, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन सुरेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, जिला महामंत्री किशन सैनी, योगेश शास्त्री, पार्षद संजय अमन, जगदीश पासी, सुदर्शन आदि मौजूद रहे।

श्री गोपाल गोशाला में गो भागवत कथा एवं महायज्ञ का भव्य आयोजन

# गो भागवत कथा के पांचवे दिन हुआ श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन

- कार्यक्रम में 607 जरुरतमंद विद्यार्थियों को बांटी पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

मातृभूमि सेवा संघ की ओर से शहर के डुलाना रोड पर स्थित श्री गोपाल गोशाला बुचियावाली में चल रहीं श्री सुरभि गो महायज्ञ एवं गो भागवत कथा के पांचवें दिन भगवताचार्या विदुषी बेला पारीक ने श्रीकृष्ण की बाल लीला, पूतना वध, माखन चोरी, मटकी फोड़, ऊखल बंधन, कालिया नाग मर्दन, गाय चराना एवं गोवर्धन पूजा का वर्णन किया तथा छप्पन भोग लगाकर सभी भक्तों ने परिक्रमा करके श्री गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना की। कथा के दौरान सिगनेचर ग्लोबल गुड़गांव से बतौर मुख्यातिथि गीता अग्रवाल ने 607 जरुरतमंद छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री, स्कूल बैग, हुड्डी स्वैटर, लंच बॉक्स, आदि वितरित किए।



महेंद्रगढ़। बच्चों को स्टेशनरी का सामान वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ये लोग रहे उपस्थित

विदुषी बेला पारीक ने बताया कि ब्रजवासियों को मुसलाधार वर्षा से बचाने व देवराज इंद्र का मान मर्दन करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक अपनी सबसे छोटी अंगुली पर उठाकर रखा, ताकि इंद्र के प्रकोप से सभी गोप गोपियों की रक्षा हो सके तभी से श्री गोवर्धन महाराज की पूजा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर मार्गदर्शक मातृभूमि सेवा संघ एवं वाइस चेयरमैन गौसेवा आयोग हरियाणा पूर्ण यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, जिला संघ चालक कैप्टन हंसराज, गौशाला प्रधान नवीन राव, प्रधान प्रवीण दीवान, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, शैलजा यादव, सुशीला, सुरेश पटेल, भूषण सेठ, कैलाश पाली, सुरेश खोरीवाला, कुलदीप, रामजीवन मित्तल, पंजाबी सभा प्रधान सुरेश अरोड़ा मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति ने डुलाना की नेहा को प्रदान की डॉक्टरेट की उपाधि

**महेंद्रगढ़।** गांव डुलाना की नेहा यादव को जीडी गोयनका विश्वविद्यालय गुरुग्राम द्वारा 11वें दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट ऑफ फिलॉस्फी की उपाधि मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा प्रदान की गई। विवि के कुलपति व डॉ. राज नेहरू ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना सहित आर्शीवाद दिया। पढ़ाई के साथ समाज सेवा में भी अग्रसर नेहा यादव गार्जियन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस नीमराना की चेयरपर्सन है। विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करना न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा और गौरव का विषय है। नेहा यादव ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिवार के सभी सदस्यों को दिया विशेषकर पिता रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, ससुर चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र सिंह राव व इंजीनियर हिमांशु राव को दिया। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को लक्ष्यों को पाने के लिए प्रेरित किया।



नेहा यादव

- नेहा यादव ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय पारिवारिक सदस्यों को दिया

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005



नारनौल। सड़क पर बहता गंदा पानी। फोटो: हरिभूमि

जिला प्रशासन व नगर परिषद अधिकारी समस्या पर नहीं कर रहे कार्रवाई

# वार्ड 11 के कोजिंदा गांव में पानी जमा होने से परेशानी, समाधान नहीं होने पर देंगे धरना

- ग्रामीणों ने धरना और भूख हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर परिषद के वार्ड नंबर 11 के गांव कोजिंदा से पटीकरा मेन रोड पर गंदा पानी जमा रहने के कारण अनेक परिवारजनों व राहगीरों का जीना मुश्किल हो गया है। ब्याह–शादी के सीजन में लोगों की गाड़ियां फंस रही हैं, वहीं अनेक गांव के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर परिषद प्रदेश सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को पलीता लगाती दिख रही है। कमाल की बात है कि इस संबंध में वार्ड नंबर 11 निवासी मांगेराम ठेकेदार सहित अनेक लोग प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर नगर परिषद नारनौल, समाधान शिविरों, सीएम विंडो और नगर परिषद के कमिश्नर व कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष को भी यहां के निवासी इस गंदे पानी के खड़े रहने का दुखड़ा रो चुके हैं, लेकिन जिला महेंद्रगढ़ के प्रशासन व नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारियों की कुंभकरणी नींद नहीं खुलने का नाम नहीं ले रही।

### गंदा पानी जमा होने से फैलीं बीमारियां

मांगेराम ठेकेदार व वार्ड नंबर 11 के निवासियों ने बताया कि इस गंदे पानी के खड़े रहने से अनेक बार बीमारियां फैल चुकी हैं, वहीं मच्छरों का भारी प्रकोप हो गया है। अब तो आवारा सुअरों का आतंक भी इस गंदे पानी में हो गया है। यह गंदा पानी वार्ड नंबर 11 के अनेक घरों में घुसना भी शुरू हो गया है। हमारा पैसा और समय बार-बार शिकायतें करके इतना बर्बाद हो गया है कि अब इन शिकायतों का बौझ उठाना हमारे बस की बात नहीं है। इसलिए मांगेराम ठेकेदार के नेतृत्व में वार्ड नंबर 11 के निवासियों ने निर्णय लिया है कि हमारी समस्या का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो इस गंदे पानी के पास रोड पर अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल का अभियान पुरुष व महिलाएं मिलकर चलाएंगे।

### 18 बार कर चुके हैं शिकायत

वार्ड नंबर 11 के नागरिकों ने बताया कि हम मार्च 2023 से लेकर जनवरी 2026 तक 18 बार नगर परिषद समाधान शिविर, जिला कष्ट निवारण समिति सहित इस शिकायत और इस गंदे पानी की निकासी को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में इस समस्या को प्रकाशित करवा चुके हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों मुंह बाये खड़ी है। इतनी शिकायतों पर चार सालों में एकबार नगर परिषद के जेई पवन कुमार तो अवश्य आए, लेकिन करके कुछ नहीं गए।